# कार्यालय मुख्य चिकित्सा कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
# स्वशासी नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर

क्रमांक/स्था/राज/2021/ 186 जबलपुर दिनांक 05/01/2021

## //विज्ञप्ति सूचना //

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर की स्वशासी संस्था के अधीन गैर शैक्षणिक संवर्ग के अंतर्गत अस्पताल प्रबंधन के निम्नलिखित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु नियुक्ति अर्हताधारी उम्मीदवार से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।

| क्र. | पद का नाम | कुल स्वीकृत पद | रोस्टर | | | | एक मुस्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | SC | ST | OBC | |
| 1. | उप रजिस्ट्रार | 01 | 01 | ---- | --- | ---- | 60,000/- |
| 2. | अस्पताल प्रबंधक | 01 | 01 | ----- | ---- | ----- | 60,000/- |
| 3. | अस्पताल सहायक प्रबंधक | 02 | 01 | ---- | 01 | ----- | 40,000/- |

रिक्त पदों की शैक्षणिक एवं अतिरिक्त अर्हताए निम्नानुसार है: -

| स.क्रं. | पद का नाम | न्यूनतम आयु सीमा | शैक्षणिक अर्हताए | सेवानिवृतित्त की अधिवार्षिकी आयु |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उप रजिस्ट्रार | 21 वर्ष | Master of Hospital Administration/Master of Hospital Management /M.B.A. (Hospital Administration) | 62 वर्ष |
| 2. | अस्पताल प्रबंधक | 21 वर्ष | Master of Hospital Administration/Master of Hospital Management/M.B.A. (Hospital Administration) **(जिन्हें अस्पताल प्रबंधन के कार्यो में 03 वर्ष का अनुभव हो)** | 62 वर्ष |
| 3. | अस्पताल सहायक प्रबंधक | 21 वर्ष | Master of Hospital Administration/Master of Hospital Management /M.B.A. (Hospital Administration) | 62 वर्ष |

नोट:- जो अभ्यार्थी पूर्व में (कार्यालय विज्ञापन क्रमांक स्था/राज/2019/5145 जबलपुर दिनांक 08/07/2019) उप रजिस्ट्रार, अस्पताल प्रबंधक, अस्पताल सहायक प्रबंधक, हेतु आवेदन प्रस्तुत कर चुके हैं, उन अभ्यार्थियों को पुन: आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी ।

उपरोक्त विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप व आवेदन शुल्क इत्यादि स्वशासी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर की वेबसाईट (www.nscbmc.ac.in) पर उपलब्ध है । आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर बंद लिफाफे में पद का नाम स्वयं का नाम एवं पता आवश्यक रूप से अंकित कर भेजे (आवेदन भेजने की अंतिम तिथि दिनांक 15/01/2021 साय 05:00 बजे तक है) निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा । स्क्रूटनी एवं साक्षात्कार से संबंधित जानकारी हेतु समय पर संस्था की वेबसाईट का अवलोकन करें ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (स्वशासी समिति)
मेडिकल कालेज जबलपुर

नोट:-

1. आवेदक की आयु दिनांक 01/01/2021 को पदानुरूप 21 वर्ष से कम नहीं होने चाहिये । सामान्य प्रशासन विभाग मं.प्र. शासन के पत्र क्रमांक सी 3-8/2018/3-एक भोपाल दिनांक 12 मई 2017 के अनुसार निम्न संवर्गो के अंतर्गत आने वाले अभ्यार्थी की अधिकतम आयुसीमा अनुसार होगी ।
अनारक्षित पुरूष वर्ग के लिए 40 वर्ष
अनारक्षित महिला वर्ग के लिए 45 वर्ष
आरक्षित पुरूष वर्ग हेतु अपिव/अजजा/अजा हेतु 45 वर्ष
पुरूष/महिला आवेदक (शासकीय/निगम/मंडल/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक) 45 वर्ष।
2. पदों पर आरक्षण राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार रहेगा। आराक्षण का लाभ जाति प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जावेगा ।
3. एकमुस्त मासिक वेतन में प्रतिवर्ष 1 जुलाई से वार्षिक वृद्धि 2 प्रतिशत की दर से देय होगी।
4. आवेदक को उसके पद के अनुरूप कर्तव्यों का तथा समय-समय पर सौपे गये प्रशासनिक एवं अन्य दायित्वों का निर्वहन करना होगा ।
5. आवेदक आवेदन पत्र मे बांछित दस्तावेज संलग्न करें । अपूर्ण आवेदन पत्र को अमान्य किय जावेगा तथा किसी भी तरह का पत्राचार मान्य नही होगा ।
6. आवेदक पूर्व से जिस संस्था मे कार्यरत है उस संस्था की सक्षम प्राधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा चयनित होने की स्थिति मे त्यागपत्र स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा । चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा ।
7. निर्रहताएं :-
   - 7.1 विकृत चित्त वाला होने पर ।
   - 7.2 दुष्चरित्र होने पर ।
   - 7.3 शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।
   - 7.4 नियुक्ति के लिये प्रयास/अनुशंसा- किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिये अर्नहकारी माना जावेगा।
   - 7.5 विवाह संबंधी - जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु आयोग्य माना जावेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नि/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगे।
   - 7.6 जिस आवेदक की 02 से अधिक संतान हो एवं जिसमे से तीसरी संतान का जन्म दिनांक 26/01/2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगें (दो या दो से कम संतान वाले आवेदकचयन उपरांत शपथ प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा )
   - 7.7 कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एंव चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।
   - 7.8 कदाचरण संबंधी - किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।
   - 7.9 ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले मे दोष सिद्ध हुआ हो ।

4

8. आपकी सेवाएं किसी भी समय एक पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर या सेवा छोड़ने पर एक माह का वेतन तथा भत्ते के बराबर देय राशि संस्था में जमा करनी होगी अन्यथा संबंधित व्यक्ति से भू-राजस्व की बकाया राशि की भांति वसूली योग्य होगी ।

9. राजनैतिक अथवा किसी भी अवैधानिक गतिविधियों मे भाग लेने की अनुमति नहीं होगी ।

10. चयनित प्रत्यासी की नियुक्ति पुलिस वैरीफिकेशन मे उपयुक्त पाये जाने की प्रत्यशा मे की जाती है, यदि भविष्य मे पुलिस वैरीफिकेशन/चरित्र सत्यापन के पश्चात प्रतिकूल तथ्य प्राप्त होने पर सेवाएं समाप्त की जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी ।

11. चयनित प्रत्याशी को कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व संस्था द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर स्वयं के व्यय पर स्वास्थय परीक्षण कराना होगा ,एवं परीक्षण संबंधी उपयुक्तता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उसे कार्यभार ग्रहण करने नही दिया जायेगा

12. आपकी नियुक्ति इस स्वशासी संस्था के सेवाशर्तो के अधीन होगी , संस्था अपनी सेवाशर्तो में आंशिक सुधार एवं परिवर्तन कर सकेगी ।

13. एक बार संस्था में नियुक्ति होने के पश्चात आपकी सेवायें अन्य संस्थाओं को स्थानानंतरित नही होगी ।

14. समस्त प्रवर्गों के आवेदक आवेदन शुल्क प्रत्येक पद हेतु रूपये 1000/- (शब्दों मे रूपये एक हजार मात्र) निम्नानुसार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय के खाते में जमा कर उसकी रसीद आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

| | |
|---|---|
| A/c Holder:- | CEO/Dean N.S.C.B. Medical College Jabalpur |
| Bank Name | State Bank of India, Medical College Branch Jabalpur |
| A/c No. | 10080132574 |
| IFSC Code | SBIN0001445 |

आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर के नाम से बंद लिफाफे में पद का नाम स्वयं का नाम एवं पता आवश्यक रूप से अंकित कर भेजे (आवेदन भेजने की अंतिम तिथि दिनांक 15/01/2021 साय 05:00 बजे तक है) निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगी। स्क्रूटनी एवं साक्षात्कार से संबंधित जानकारी हेतु समय-समय पर संस्था की वेबसाईट का अवलोकन करें ।

<u>महत्तवपूर्ण टीप:-</u> यह सुनिश्चत करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताएं और शर्तो को पूरा करते हों । अत: आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्ते पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें । चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी । आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र जो कि आवेदन के प्रारूप में दिया गया है । यह शर्त भी उसमे समाहित रहेगी ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस (स्वशासी समिति)
मेडिकल कालेज जबलपुर

# आवेदन का प्रारूप

अस्पताल प्रबंधन के पद उप रजिस्ट्रार/अस्पताल प्रबंधक/अस्पताल सहायक प्रबंधक के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र (अंतिम तिथि:- 15/01/2021)

पद का नाम............................................................................................

स्वय प्रमाणित फोटो

नोटः- नोट सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावे ।

1. आवेदक का नाम ...............................................................

2. पुरूष/महिला ....................................................................

3. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित)...........................................

4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सिहत)...................................................
........................................................................................................................

शहर का नाम.........................................फोन नं.................................................

मोबाइल नं.......................................ई मेल.आई.डी............................................

5. स्थाई पता.........................................................................................................
........................................................................................................................

शहर का नाम.........................................फोन नं.................................................

मोबाइल नं.......................................ई मेल.आई.डी............................................

6. आधार कार्ड नंबर (हो तो )...................................................................................

7. जन्म तिथि (हाई स्कूल परीक्षा की अंकसूची संलग्न करें).........................................

8. दिनांक 01/01/2021 को आवेदन की आयु .......दिन.........माह........वर्ष..................

9. आवेदक की वैवाहिक स्थिति :- विवाहित/अविवाहित। विवाहित होने पर संतानों की संख्या......

10. विवाह का दिनाक .........................................

11. वर्गः- अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग ..................(आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें )

12. शैक्षणिक योग्यताऐं :- (प्रमाण-पत्र अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) पद के अनुसार योग्यता अंकित करें ।

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड /वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांक | कुल प्राप्तांक/प्रतिशत | प्रयास |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |

( प्रत्येक वर्ष का पृथक-पृथक भरे)

13. अनुभव :-

| क्रमाकं | पदनाम | पद पर कार्यभार ग्रहण का दिनांक | अनुभव वर्ष/माह/दिन | सक्षम अधिकारी पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

14. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

1. जन्मतिथि के लिये कक्षा 10वी की अंकसूची ।
2. स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री संबंधी विषय में ।
3. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र ।
4. जाति प्रमाण पत्र ।
5. आधार कार्ड ।
6. अन्य प्रमाण पत्र/अंकसूची इत्यादि।
7. मूलनिवासी प्रमाण पत्र।

नोटः- संबंधित पद की अर्हताऐं आवेदक द्वारा सुनिश्चित कर आवेदन पत्र की पूर्ति कर ही आवेदन करें ।

स्थान ...............................

दिनाक .............................

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

//घोषणा - पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा मे मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध में किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार को कोई प्रकरण किसी भी न्यायलय में विचाराधीन है ।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर